**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 31.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,हिंदुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स,न्यायाधीश, जनसन्देश टाइम्स ,परफेक्ट मिशन,तरुण मित्र,काशीवार्ता," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 31.10.2025

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की शिकायतें होंगी दूर



बैठक करते वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा। स्रोत : विभाग

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में सोशल मीडिया टीम की बैठक की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, डिजिटल माध्यमों से प्राधिकरण की जनसंपर्क प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाएगा। नागरिकों के साथ संवाद और अधिक सक्रिय, सहज और परिणाममुखी बनाया जा सके। इन पर आने वाली शिकायतें जल्द दूर होंगी। सीएमएस पोर्टल और सिटीजन एप की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान वेबसाइट www.vdavns.com की भी समीक्षा की। कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त जन शिकायतों और सुझावों को संबंधित अनुभागों में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ताकि, नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके। सीएमएस पोर्टल एवं सिटीजन एप की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को नागरिक सुविधा, पारदर्शिता एवं सुशासन के सशक्त माध्यम के रूप में और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, वेबसाइट पर डाटा, सूचनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आवश्यकतानुसार इसे अपडेट एवं सुधार के लिए भी निर्देश दिए। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान –दि0 31.10.2025

### शिकायतों का किया जाए त्वरित समाधान

**वाराणसी।** वीडीए के नए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने गुरुवार को मातहतों संग समीक्षा बैठक की। सोशल मीडिया पर आने वाली शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित विभागों को भेजकर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने को कहा। सीएमएस पोर्टल, सिटीजन ऐप की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नागरिक सुविधा, पारदर्शिता के लिए और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 31.10.2025

# उपाध्यक्ष श्री पूर्णा बोरा, आई.ए.एस. द्वारा सोशल मीडिया टीम की बैठक आयोजित

वाराणसी। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्णा बोरा, आई.ए.एस. द्वारा प्राधिकरण की सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान



प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट www.vdavns.com की भी समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त जन शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित अनुभागों में तत्काल प्रेषित करते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा CMS पोर्टल एवं Citizen App की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। उन्होंने इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को नागरिक सुविधा, पारदर्शिता एवं सुशासन के सशक्त माध्यम के रूप में और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, वेबसाइट पर उपलब्ध समस्त डाटा एवं सूचनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार अपडेट एवं सुधार हेतु भी निर्देश प्रदान किए गए। उपाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों के माध्यम से प्राधिकरण के जनसंपर्क प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे नागरिकों के साथ संवाद और अधिक सक्रिय, सहज एवं परिणाममुखी बनाया जा सके।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 31.10.2025

# वीडीए में उपाध्यक्ष पूर्णा बोरा ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष वआर पूर्णा बोरा की अध्यक्षता में गुरुवार को प्राधिकरण की सोशल मीडिया टीम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नागरिकों से प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों, सुझावों तथा डिजिटल माध्यमों के जरिए जनसंपर्क प्रणाली को और सशक्त बनाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष महोदय ने प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट www.vdavns.com का अवलोकन करते हुए उसकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि वेबसाइट पर उपलब्ध समस्त सूचनाएं और डाटा समय-समय पर अपडेट किए जाएं, ताकि नागरिकों को सटीक और त्वरित जानकारी प्राप्त हो सके। पूर्णा बोरा ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त जन शिकायतों एवं सुझावों का तत्काल संज्ञान लेकर उन्हें संबंधित अनुभागों को भेजा जाए और उनका त्वरित व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## काशी वार्ता –दि0 31.10.2025

# पूर्ण बोरा ने संभाला वीडीए उपाध्यक्ष का कार्यभार



वाराणसी(काशीवार्ता)। मण्डलायुक्त एवं वाराणसी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में वीडीए सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में पूर्ण बोरा ने वाराणसी विकास प्राधिकरण के 51वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। मण्डलायुक्त ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री बोरा ने प्राधिकरण के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा विकास कार्यों की निरंतरता और पारदर्शिता पर बल दिया। 2018 बैच के आईएएस अधिकारी पूर्ण बोरा ने 7 अगस्त 2020 को जनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में प्रशासनिक सेवा का कार्यभार संभाला था। इसके बाद 28 जून 2022 को वे मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर के पद पर तैनात हुए, जहाँ उन्होंने अपनी प्रशासनिक दक्षता और विकास कार्यों के प्रति समर्पण से उल्लेखनीय योगदान दिया।

## न्यायाधीश –दि0 31.10.2025

# उपाध्यक्ष वाविप्रा पूर्ण बोरा, आई.ए.एस. द्वारा सोशल मीडिया टीम की बैठक आयोजित




वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्णा बोरा, आई.ए.एस. द्वारा 30 अक्टूबर, 2025 को प्राधिकरण की सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट की भी समीक्षा की गई।उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त जन शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित अनुभागों में तत्काल प्रेषित करते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा पोर्टल एवं की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। उन्होंने इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को नागरिक सुविधा, पारदर्शिता एवं सुशासन के सशक्त माध्यम के रूप में और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## परफेक्ट मिशन –दि0 31.10.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने सोशल मीडिया टीम के साथ की बैठक

**❑ सीएमएस पोर्टल एवं सिटीजन एप की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर दिया निर्देश**




**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा, आई.ए.एस ने गुरुवार को प्राधिकरण की सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट www.vdavns.com की भी समीक्षा की गई उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त जन शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित अनुभागों में तत्काल प्रेषित करते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा सीएमएस पोर्टल एवं सिटीजन एप की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया।

उन्होंने इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को नागरिक सुविधा, पारदर्शिता एवं सुशासन के सशक्त माध्यम के रूप में और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, वेबसाइट पर उपलब्ध समस्त डाटा एवं सूचनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार अपडेट एवं सुधार हेतु भी निर्देश प्रदान किए गए उपाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों से प्राधिकरण की जनसंपर्क प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे नागरिकों के साथ संवाद और अधिक सक्रिय, सहज एवं परिणाममुखी बनाया जा सके।

## तरूण मित्र –दि0 31.10.2025

# नवागत वीडीए वीसी ने सोशल मीडिया टीम संग की पोर्टल और ऐप के कार्यप्रणाली की समीक्षा



**नवागत वीडीए वीसी पूर्णा बोरा अधीनस्थों संग समीक्षा बैठक करते हुए**

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के नवागत उपाध्यक्ष पूर्णा बोरा ने गुरुवार को प्राधिकरण की सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक आयोजित कर वीडीए की आधिकारिक वेबसाइट www.vdavns.com की समीक्षा की उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राप्त जन शिकायतों एवं सुझावों को संबंधित अनुभागों में तत्काल प्रेषित करते हुए उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किया जा सके।

बैठक के दौरान वीडीए वीसी द्वारा सीएमएस पोर्टल एवं Citizen App की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को नागरिक सुविधा, पारदर्शिता एवं सुशासन के सशक्त माध्यम के रूप में और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, वेबसाइट पर उपलब्ध समस्त डाटा एवं सूचनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार अपडेट एवं सुधार हेतु भी निर्देश प्रदान किए गए उपाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों के माध्यम से प्राधिकरण की जनसंपर्क प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे नागरिकों के साथ संवाद और अधिक सक्रिय, सहज एवं परिणाममुखी बनाया जा सके।